web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 21 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 145

## भारत-यूएई आर्थिक साझेदारी समझौता भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाजार खोलेगा : गोयल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हस्ताक्षर किए गए भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को एक ऐतिहासिक समझौता बताया है, जो भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाजार खोलेगा।

समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के एक दिन बाद मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा, भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) एमएसएमई, स्टार्ट-अप, किसानों, व्यापारियों और व्यवसायों के सभी वर्गों के लिए अत्यधिक लाभप्रद होगा।

क्षेत्रवार लाभों की चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़े के सामान तथा जूते और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग जैसे श्रम प्रधान उद्योग सबसे अधिक लाभान्वित होने वालों में शामिल होंगे।

गोयल ने जोर देकर कहा कि सीईपीए एक संतुलित, निष्पक्ष, व्यापक और न्यायसंगत साझेदारी समझौता है, जो वस्तुओं तथा सेवाओं दोनों में भारत के लिए बढ़ा हुआ बाजार उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा, यह हमारे युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेगा, हमारे स्टार्टअप के लिए नए बाजार खोलेगा, हमारे व्यवसायों को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

मंत्री ने बताया कि क्षेत्रवार परामर्शों ने दर्शाया है कि यह समझौता भारतीय नागरिकों के लिए कम से कम 10 लाख रोजगार सृजित करेगा।

गोयल ने यह भी बताया कि सीईपीए जिसे केवल 88 दिनों के रिकॉर्ड समय में अंतिम रूप दिया गया था तथा हस्ताक्षर किया गया था, मई की शुरुआत तक, 90 दिनों से भी कम समय में प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने मीडिया को बताया कि भारत से यूएई को निर्यात किए जाने वाले लगभग 90 प्रतिशत उत्पादों पर समझौते के कार्यान्वयन के साथ शून्य शुल्क लगेगा। व्यापार की 80 प्रतिशत लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, शेष 20 प्रतिशत हमारे निर्यात को ज्यादा प्रभावित नहीं करते हैं, इसलिए यह सभी के लिए लाभप्रद समझौता है।




किसी व्यापार समझौते में पहली बार सीईपीए में किसी भी विकसित देश में स्वीकृत होने के बाद, 90 दिनों में भारतीय जेनेरिक दवाओं के स्वचालित पंजीकरण और विपणन प्राधिकरण का प्रावधान किया गया है। इससे भारतीय औषधियों को बड़े बाजार में पहुंच प्राप्त हो सकेगी।

भारतीय आभूषण निर्यातकों को यूएई में शुल्क-मुक्त सुविधा प्राप्त हो सकेगी, जबकि वर्तमान में ऐसे उत्पादों पर 5 प्रतिशत सीमा शुल्क लगता है। इससे आभूषण निर्यात में भारी वृद्धि होगी, क्योंकि भारत में डिजाइन किए गए आभूषणों की बाजार में बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है। रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को 2023 तक अपने निर्यात के 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है।

सीईपीए न केवल भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा, बल्कि भारत को कार्यनीतिक लाभ भी प्रदान करेगा। गोयल ने कहा, चूंकि संयुक्त अरब अमीरात एक व्यापारिक केंद्र के रूप में कार्य करता है, इसलिए यह समझौता हमें अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप में बाजार में प्रवेश बिंदु प्रदान करने में मदद करेगा।

पीयूष गोयल ने कहा कि सीईपीए के संपन्न होने के साथ भारत और यूएई का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय वस्तु व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक ले जाना है। उन्होंने कहा, यद्यपि, मेरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार की संभावनाएं और भी बड़ी हैं, हम अपने लिए निर्धारित लक्ष्य को पार कर लेंगे। संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक साझेदार है।

**2022 में ही जीसीसी के साथ समझौता-** पीयूष गोयल ने यह भी जानकारी दी कि सरकार को इस वर्ष के दौरान ही खाड़ी सहयोग परिषद के देशों के साथ एक समान आर्थिक साझेदारी समझौते किए जाने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि जीसीसी के महासचिव ने बातचीत में तेजी लाने की इच्छा व्यक्त की है और कहा, हमें अपनी बातचीत करने की क्षमता पर भी भरोसा है, हमने यूएई के साथ त्वरित रूप से बातचीत की है, और हमें विश्वास है कि जीसीसी के साथ इसी वर्ष व्यापार पर इसी प्रकार का समझौता कर लिया जाएगा।

जीसीसी 1.6 ट्रिलियन डॉलर के संयुक्त सांकेतिक जीडीपी के साथ खाड़ी क्षेत्र में छह देशों अर्थात् सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का एक संघ है।

## चंबल में गिरी बारातियों से भरी कार, दूल्हे समेत 9 लोगों की मौत

**कोटा (आरएनएस)।** राजस्थान के कोटा जिले के नयापुरा पुलिया से चंबल में कार अनियंत्रित होकर गिर गई। इस भयानक हादसे में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया है। राहत और बचाव का कार्य शुरू हो चुका है। जानकारी के मुताबिक कार में मौजूद लोग बरात बताए जा रहे है। मरने वालों में दूल्हा भी शामिल है। कार अनियंत्रित होने के कई कारण बताएं जा रहे है जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाना भी बताया जा रहा है। पुलिस अभी मौके पर पहुच कर गाड़ी को बाहर निकलवाने का काम कर रही है।

रिपोर्टर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दूल्हा पक्ष के लोग सवाई माधोपुर से सुबह 5.30 बजे निकल कर उज्जैन ( मध्यप्रदेश) बरात लेकर जा रहे थे। इसी दौरान कोटा में नयापुरा पुलिया से कार अनियंत्रित हो कर चंबल नदी में गिर गई। कार में सवार लोगों ने कांच खोलने के प्रयास किए पर सिर्फ एक ही कांच खुल पाया जिसकी वजह से 7 लोगों की कार में ही मौत हो गई बाकी 2 लोगों की लाश नदी में काफी दूर निकल गई। सुबह स्थानीय लोगों द्वार कार को देखने पर पुलिस को सूचना दी गई उसके बाद ही राहत कार्य शुरू हो पाया।

पुलिस की गोताखोर टीम अब तक 9 शव बरामद कर चुकी है, पुलिस की टीम अभी भी जांच कर रही है कहीं कोई और कोई व्यक्ति तो कार में सवार नहीं था। सभी शवों को एमबीएस अस्पताल में रखा गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार हादसे पर अफसोस प्रकट किया और हर सम्भव मदद का आश्वासन भी दिया है, उन्होंने प्रशासन को भी निर्देश दिए हैं हर सहयता की जाए।

## सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से गैंगरेप के दोषी की फांसी पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में 2018 में सात वर्षीय एक लडक़ी से गैंगरेप के मामले में एक व्यक्ति को सुनाई गई मौत की सजा की तामील पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस आर भट और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने मौत की सजा की पुष्टि करने वाले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पिछले साल सितंबर के फैसले के खिलाफ दायर दोषी की अपील पर सुनवाई की। बेंच ने कहा कि मामला लंबित रहने तक दोषी को सुनाए गए मृत्युदंड की तामील पर रोक लगी रहेगी। न्यायालय ने कहा कि दोषी की मनोवैज्ञानिक आकलन रिपोर्ट उसके सामने पेश की जाए। न्यायालय ने निर्देश दिया कि जेल में रहते हुए याचिकाकर्ता द्वारा किए गए कार्यों की प्रकृति के बारे में संबंधित जेल प्रशासन की रिपोर्ट पेश की जाए। पीठ ने 14 फरवरी के आदेश में कहा, मामले की सुनवाई लंबित रहने तक याचिकाकर्ता को सुनाई गई मौत की सजा की तामील पर रोक लगी रहेगी। इस बारे में संबंधित जेल को तत्काल सूचित किया जाए।

### सुनवाई 22 मार्च तक के लिए स्थगित

निचली अदालत ने इस मामले में याचिकाकर्ता और एक अन्य को मृत्युदंड सुनाया था, जिसे उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि



राज्य सुनवाई की अगली तारीख से पहले याचिकाकर्ता से संबंधित सभी अधिकारियों की रिपोर्ट उसके सामने पेश करे। न्यायालय ने मामले की सुनवाई 22 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

### जून 2018 में मंदसौर के पुलिस थाने में दर्ज हुई शिकायत

बच्ची की एक रिश्तेदार ने जून 2018 में मंदसौर के एक पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बच्ची दिन में कक्षा समाप्त होने के बाद स्कूल परिसर से लापता है। बच्ची अगले दिन घायल अवस्था में मिली थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद बच्ची ने पुलिस को बताया था कि उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उससे बलात्कार किया गया था।

## सबसे बड़ा जनजातीय मेला मेदाराम जतारा पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश का सबसे बड़ा चार दिवसीय जनजातीय मेला सम्माक्का सरलम्मा जतारा पारंपरिक उत्साह और जोश के साथ मनाए जाने के बाद कल संपन्न हो गया। इसे जनजातीय समुदायों के सबसे बड़े मेलों में से एक माना जाता है। इस वर्ष यह ऐतिहासिक त्यौहार 16 फरवरी, 2022 को हजारों भक्तों की भागीदारी के साथ तेलंगाना के मुलुगु जिले के मेदाराम गांव में ऐतिहासिक उत्सव आरंभ हुआ। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार, जनजातीय पुजारियों ने चिलकालगुट्टा जंगल और मेदारम गांव में विशेष पूजा की। भक्त जनजातीय देवताओं की पूजा करते हुए सडक़ की परिक्रमा करते रहे और देवी-देवताओं को गुड़ चढ़ाने के लिए नंगे पांव चलते रहे।



केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) मंत्री जी किशन रेड्डी ने जारी सम्मक्का-सरलम्मा मेदारम जतारा का दौरा किया और देवी सम्मक्का और सरलम्मा की पूजा की। केंद्रीय मंत्री के साथ जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह भी थीं।

अपनी यात्रा के दौरान, जी किशन रेड्डी ने परंपरा के अनुसार, अपने वजन के बराबर गुड़, जिसे लोकप्रिय रूप से बंगाराम (सोना) के रूप में भी जाना जाता है, की भेंट चढ़ाई। उन्होंने कहा, मैं भारत के लोगों के लिए सम्मक्का और सरलम्मा अम्मावारुलु का आशीर्वाद चाहता हूं। यह त्यौहार और भक्तों की मण्डली भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचार का उदाहरण है। सम्मक्का और सरक्का का जीवन और अन्याय तथा अत्याचार के विरूद्ध उनकी लड़ाई हम सभी को प्रेरित करती है और यह अनुकरण योग्य है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, सम्मक्का सरलम्मा मेदाराम जतारा विश्व के सबसे बड़े जनजातीय त्यौहारों में से एक है और सरकार इसे हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। हाल ही में, भारत सरकार ने इस त्योहार को मनाने के लिए जनजातीय मामलों के मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से कुल 2.5 करोड़ रुपये जारी किए। 2014 के बाद से भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य योजना सहित घरेलू प्रचार और प्रचार के तहत तेलंगाना राज्य में कई त्योहारों को मनाने के लिए 2.45 करोड़ जारी किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेदाराम जतारा जनजातीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। स्वदेश दर्शन योजना के एक हिस्से के रूप में, पर्यटन मंत्रालय ने मुलुगु, लकनावरम, मेदावरम, तड़वई, दमरवी, मल्लूर और बोगाथा जलप्रपातों के जनजातीय सर्किट को विकसित करने के लिए परियोजनाएं शुरू की और मेदाराम में एक अतिथि गृह का निर्माण किया। भारत सरकार ने तेलंगाना में जनजातीय सर्किट के लिए लगभग 80 करोड़ रुपये मंजूर किए और इसमें पर्यटक सुविधा केंद्र, एम्फीथिएटर, सार्वजनिक सुविधा सुविधाएं, कॉटेज, टेंट आवास, गज़ेबो, बैठने की बेंच, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अवसंरचना, सौर लाइट, मेदारम में भू-दृश्य निर्माण तथा पीने के पानी के फव्वारे का निर्माण शामिल हैं। मुलुगु में 45 करोड़ रुपये की लागत से जनजातीय विश्वविद्यालय के निर्माण का काम शुरू हो गया है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

## बंगाल सरकार में मंत्री साधन पांडे का निधन, लंबे समय से चल रहे थे बीमार

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री साधन पांडे का आज सुबह मुंबई में निधन हो गया। उन्होंने 71 साल की उम्र में अंतिम सांस लीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। मालूम हो कि बंगाल सरकार में पांडे उपभोक्ता मामले, स्वयं सहायता समूह और स्वरोजगार मंत्रालय संभाल रहे थे।

सीएम ममता ने शोक जाहिर करते हुए लिखा कि हमारे वरिष्ठ सहयोगी, पार्टी नेता और कैबिनेट मंत्री साधन पांडे का आज सुबह मुंबई में निधन हो गया। लंबे समय से उनसे एक अद्भुत रिश्ता था। इस नुकसान पर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार, दोस्तों, अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।



**साधन पांडे लंबे समय से थे बीमार-** साधन पांडे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पिछले साल जुलाई में भी उन्हें फेफड़ों में गंभीर संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें कोलकाता के एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में वेंटिलेटर पर रखा गया था। सीने में दर्द और सांस फूलने की शिकायत के बाद पांडे को देर रात अर्धबेहोशी की अवस्था में अस्पताल ले जाया गया था।

## दूरदर्शन नौसेना बेड़ा समीक्षा का सीधा प्रसारण करेगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दूरदर्शन ने 21 फरवरी को भारतीय नौसेना बेड़े की राष्ट्रपति द्वारा समीक्षा किए जाने से संबंधित सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण कवरेज में से एक आरंभ करने के लिए कई नवोन्मेषण प्रस्तुत किए हैं।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 21 फरवरी, 2022 को विशाखापत्तनम में एक समारोहपूर्ण कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के बेड़े की समीक्षा करेंगे। इस कार्यक्रम में भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय मर्चेंट मरीन के जहाजों सहित नौसेना के लगभग 60 जहाजों, नौसेना और तटरक्षक बल के वायुयानों की सहभागिता होगी। यह समीक्षा भारतीय नौसेना - राष्ट्र की सेवा में 75 वर्ष की थीम के साथ स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का भी स्मरण करती है।

इस वर्ष राष्ट्रपति बेडे की समीक्षा के दूरदर्शन कवरेज में कई चीजें पहली बार की जाएंगी, जिनमें निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए भूमि एवं समुद्र से प्रसारण को सुव्यवस्थित करने के लिए विशेष लेंस के साथ ड्रोन सहित कम से कम 30 कैमरों के साथ भूमि और समुद्र पर मल्टी कैमरा सेटअप की विशाल श्रृंखला शामिल हैं।



बेडा समीक्षा के विभिन्न तत्वों में एंकरेज, मोबाइल कॉलम में स्टीम पास्ट, सेल का फ्लाई पास्ट और परेड, पोतों के बड़े कॉलमों का निर्माण आदि शामिल हैं। यह भूमि और समुद्र पर तैनात डीडी कैमरों द्वारा कैप्चर किया जाएगा।

दूरदर्शन तथा आकाशवाणी अक्टूबर 2021 से ही इस मेगा कवरेज की तैयारी कर रहे हैं। टीमों ने भूमि और समुद्र पर अंतिम तैनाती से पहले स्थल के आसपास व्यापक रेकी करते हुए व्यापक साइट सर्वेक्षण किया है।

मल्टी-कैमरा सेट अप में पहाडिय़ों पर सुंदर विशेष वैंटेज, ऊंचे भवन तथा विशाखापत्तनम की तटरेखा की निकटता शामिल हैं। डीडी क्रू को लाइव विजुअल प्रदान करने के लिए ऐसे 5 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तैनात किया गया है। पूरा कवरेज हाई डेफिनिशन प्रारूप में होगा।

समुद्र के चुनौतीपूर्ण वातावरण से जूझते हुए, डीडी इंजीनियरों की टीम विविध और महत्वपूर्ण कैमरा पोजिशन की पहचान करने के द्वारा भारतीय नौसेना की पूरी शक्ति और कौशल को जीवंत करेगी। समारोह के दौरान राष्ट्रपति की नौका के लाइव शॉट्स उपलब्ध कराने के लिए 5 जहाजों पर डीडी क्रू की तैनाती की गई है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का निर्बाध लाइव प्रसारण सुनिश्चित करने के लिए समुद्र में ड्रोन, बैकपैक्स, वायरलेस, सिग्नल स्ट्रीमिंग और सैटेलाइट अपलिंक्स किए जा रहे हैं।

राष्ट्रपति की नौका पर हाई डेफिनिशन कैमकोर्डर और पीटीजेड कैमरा तैनात किए गए हैं। दर्शकों के अनुभव में वृद्धि करने के लिए विशेष लेंस और अत्याधुनिक उच्च रिज़ॉल्यूशन वाले पीटीजेड कैमरे लगाए गए हैं।

आकाशवाणी विशाखापत्तनम में ग्रैंड स्टैंड मास्टर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह भव्य स्टैंड आरएफ, बैकपैक, डेटा लिंक तथा सैटेलाइट डाउन-लिंकिंग का उपयोग करके भूमि और समुद्र से सभी प्रकार का कैमरा स्रोत प्राप्त करेगा।

ई डेफिनिशन विज़ुअल्स को पेशेवर कमेंटेटरों के ग्राफिक्स और बैटरी के माध्यम से और अधिक रोचक बनाया जाएगा, जो आकाशवाणी नियंत्रण कक्ष से हिंदी और अंग्रेजी में हर विवरण को विस्तार से बताएंगे।

लगभग 3 घंटे तक चलने वाला निर्बाध सीधा प्रसारण डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया तथा डीडी के कई क्षेत्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा, जो 21 फरवरी को सुबह 8.30 बजे से शुरू होकर कार्यक्रमों के अंत तक जारी रहेगा। पूरा कवरेज हमारे यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर लाइव-स्ट्रीमिंग के माध्यम से भी उपलब्ध होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली में आईटीबीपी के जवान ने की खुदकुशी, 5 महीने पहले हुई थी शादी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के तीन मूर्ति भवन में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक 31 वर्षीय जवान ने कथित तौर पर रविवार को अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि कॉन्स्टेबल वाई. रेड्डी सुबह करीब पांच बजे मृत पाए गए और उनकी इंसास राइफल उनके बगल में पड़ी थी। रेड्डी कर्नाटक के रहने वाले थे और करीब दो हफ्ते पहले ही 30 दिन की छुट्टी से लौटे थे। अधिकारियों ने बताया कि उसके बिस्तर से एक कथित सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने अपनी पत्नी और ससुर पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जवान की शादी पिछले साल अक्टूबर में हुई थी। पर्वतीय युद्ध प्रशिक्षित आईटीबीपी मुख्य रूप से चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा के लिए तैनात है और इसकी कई यूनिट राजधानी दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में कानून और व्यवस्था के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए तैनात हैं।

### यूरोपीय संघ ने पूर्वी यूक्रेन में गोलाबारी की निंदा की

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ ने पूर्वी यूक्रेन में नागरिक इलाकों में भारी हथियारों और अंधाधुंध गोलाबारी करने की घटना की कड़ी निंदा की है और रूस से यूक्रेन से लगी सीमाओं से सैन्य बलों को वापस करने का आग्रह किया है। यूरोपीय संघ की ओर से द्वारा जारी एक बयान के अनुसार,यूक्रेन और उसके आसपास रूस का सशस्त्र बलों का भारी जमावड़ा गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। यूरोपीय संघ ने रूस से यूक्रेन की सीमाओं के पास से अपने सैन्य बलों को वापस बुलाने और व्याप्त तनाव कम करने का आग्रह करता है। यूरोपीय संघ ने बताया कि हाल के दिनों में पूर्वी यूक्रेन में सीमा रेखा के साथ संघर्ष विराम उल्लंघन में तेजी आयी है। बयान में कहा गया, यूरोपीय संघ ने पूर्वी यूक्रेन के नागरिक इलाकों में भारी हथियारों से अंधाधुंध गोलाबारी की घटना की कड़ी निंदा करता है। यह मिन्स्क समझौतों और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का स्पष्ट तौर पर उल्लंघन है। यूरोपीय संघ ने युद्ध के लिए उकसावे के बीच यूक्रेन के संयम बनाए रखने की भी सराहना की है।

### यूक्रेन की सेना ने 49 बार संघर्षविराम को उल्लंघन किया

**कीव ।** युद्धविराम व्यवस्था नियंत्रण एवं समन्वय के संयुक्त केंद्र (जेसीसीसी) के लिए स्व-घोषित लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) मिशन ने कहा है कि यूक्रेन के सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में 49 बार संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। एलपीआर अधिकारियों ने कहा, पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के सशस्त्र बलों की ओर से 49 बार युद्धविराम का उल्लंघन किया, जिनमें भारी गोले दागने की घटनाएं भी शामिल हैं। बयान के अनुसार यूक्रेन की सेना ने संघर्ष के उल्लंघन में 120 मिमी कैलिबर गोलों का इस्तेमाल किया, जिसका मिन्सक समझौते के तहत उपयोग वर्जित है।

### कनाडा के 3 बड़े कॉलेज बंद, मुसीबत में पड़े भारतीय छात्र

**ओटावा।** कनाडा के क्यूबेक में तीन कॉलेजों के अचानक बंद हो जाने से छात्रों से सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है जिसके बाद ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति में अचानक बदलाव से प्रभावित भारतीय छात्रों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। दरअसल, तीन कॉलेजों - मॉन्ट्रियल में एम कॉलेज, शेरब्रुक में सीडीई कॉलेज और लॉन्ग्यूइल में सीसीएसक्यू कॉलेज ने ट्यूशन फीस के लिए समय सीमा को आगे बढ़ाने और छात्रों को भारी मात्रा में फीस भुगतान करने के लिए नोटिस जारी कर कहा गया था कि इस महीने कॉलेज पूरी तरह से बंद हो रहे हैं। तीनों कॉलेजों एक ही भर्ती फर्म, राइजिंग फीनिक्स इंटरनेशनल (आरपीआई) इंक द्वारा संचालित ने दिवालियापन के लिए दायर किया है। भारत में छात्रों के लिए संदिग्ध भर्ती प्रक्रिया के लिए क्यूबेक द्वारा एम कॉलेज और सीडीई कॉलेज सहित कई निजी कॉलेजों की जांच शुरू करने के एक साल बाद लेनदार संरक्षण का अनुरोध किया गया।